तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री


हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 26 अगस्त 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



12 शांत्रीबाई कॉलेज में तीजा उत्सव पर विविध आयोजन





14 महिलाओं ने फुगड़ी, कुर्सी दौड़, बिंदी लगाओ...





**ऑफिस बॉय चाहिये**

महासमुंद स्थित समाचारपत्र कार्यालय हेतु सर्वे, बिलों की वसूली, समाचारपत्र वितरण तथा कार्यालय के अन्य साधारण कार्यों हेतु दो 8वीं -10वीं तक शिक्षित लड़कों की तत्काल आवश्यकता है। आयु सीमा 16 से 20 वर्ष रहने, खाने की सुविधा सहित 6000 रु. मासिक। अपना नाम, पता, नवीनतम फोटो और मोबाइल नम्बर तत्काल व्हाट्सएप करें-

**9826126499**


**खबर संक्षेप**

## मारपीट के मामले में दो लोगों के खिलाफ जुर्म

**महासमुंद।** ट्रैक्टर की एनओसी की बात को लेकर एक व्यक्ति से मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ बलौदा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को जितेंद्र प्रधान पिता बाबूलाल प्रधान निवासी अर्तुंडा ने बताया कि वह 24 अगस्त को लगभग 4 बजे बाइक से ग्राम टेमरी से अपने गांव जा रहा था। गांव से 100 मीटर पहले मुकेश एवं सुरेश साहू पिता चतुर्भुज साहू ग्राम कुटेला ट्रैक्टर के एनओसी की बात को लेकर गाली गलौज करने लगे एवं विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुये मारपीट किया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

### तीज पर्व : बाजार में खरीददारी के लिए उमड़ रही भीड़

# आज निर्जला उपवास रख, कल अन्न जल ग्रहण करेंगी तिजहारिनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाद्रपद शुक्ल तृतीया को मनाया जाने वाला पर्व हरतालिका तीज आज मंगलवार को मनाया जाएगा। सुहागिनों ने सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात करु भात ग्रहण किया और निर्जला व्रत की शुरुआत की। मंगलवार रात जगराता कार्यक्रम के अलावा भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर पति की लंबी उम्र व सुख समृद्धि की कामना कर बुधवार को पूजन पश्चात ही व्रत तोड़ते हुए अन्न-जल ग्रहण करेंगी।

- पर्व के चलते बसों एवं पेट्रोल पंपों में देखी गई भीड़



सोमवार को तिजहारिनों ने करेले की सब्जी व चावल का आहार लिया। जिसके चलते बाजार में करेले की मांग ज्यादा रही। वहीं पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करने के लिए हरितालिका यानी तीजा पर्व पर आज मंगलवार को महिलाएं निर्जला व्रत रखेंगी। 24 घंटे बिना कुछ खाए पीए उपवास किया जाता है।

इसके उपरांत पूजा संपन्न होने के पश्चात बुधवार को सुबह महिलाएं अपना व्रत का पारण करेंगी। आज तीज के दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर भगवान शिव की पूजा अर्चना कर कथा श्रवण करेंगी। इधर, तीज पर्व के चलते खरीददारी के लिए बाजार में उमड़ रही महिलाओं की भीड़ से बाजार की रौनक रही।

### ये है प्राचीन मान्यता

हिंदू मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने सर्वप्रथम यह व्रत रखा था और भगवान शिव को प्राप्त किया था। प्राचीन मान्यता है कि माता पार्वती ने शिव को प्राप्त करने के लिए तीजा के दिन निर्जला और निराहार रहकर यह पूजा अर्चना की थी। जिससे भगवान शंकर पार्वती से प्रसन्न हो जाते हैं और उन्हें अपने जीवन में पत्नी के रूप में स्थान देते हैं। कुंवारी कन्याएं भी सुयोग्य वर की कामना के लिए यह उपवास रखती हैं।

### दुर्लभ साध्य योग का निर्माण

तीज पर दुर्लभ साध्य योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का संयोग दोपहर 12 बजकर 9 मिनट तक है। इसके बाद शुभ योग का निर्माण हो रहा है। दोनों ही योग बेहद शुभ होते हैं। इसके अलावा, रवि योग का भी संयोग तीज पर बन रहा है। इन योग में देवों के देव महादेव एवं मां पार्वती की पूजा करने से शुभ फल प्राप्ति के संयोग बन रहे है।

### ट्रेनें रद्द, बनी परेशानी

ट्रेनों की लेटलतीफी व पैसेंजर के नहीं चलने से ओडिशा-छत्तीसगढ़ व आंध्रप्रदेश के यात्रियों को आवागमन में परेशानी हो रही है। वही रेल्वे द्वारा तीज त्यौहार के मौके पर गत 19 से 27 अगस्त तक विशाखापटनम-रायपुर 58528 एवं रायपुर-विशाखापटनम 58527 पैसेंजर ट्रेन रद्द किये जाने से यात्री हलाकान हैं। जबकि विगत दो दिनों से समता सुपरफास्ट 8-8 घंटे विलंब से चल रही है। जिससे यात्रियों में आक्रोश के साथ नाराजगी है।

# अछरीडीह रोड गढ्ढे में तब्दील स्कूली बच्चे, किसान परेशान

### अछरीडीह के बच्चे कीचड़युक्त सड़क पार कर जाते है स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

- गुहार लगाने के बाद भी अब तक सड़क निर्माण नहीं



ग्राम अछरीडीह, नयापारा के सैकड़ों बच्चे बिरकोनी और महासमुंद कॉलेज पढ़ने आते है। कीचड़युक्त रोड़ चार किलोमीटर में जगह-जगह जानलेवा गढ्ढे है। जहां साइकिल भी चला पाना मुश्किल है। सड़क की हालत खेत जैसी हो गई है। स्कूली बच्चों व ग्रामीणों को रोज तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि वे विगत कई वर्षों से यही समस्या है, इसके बावजूद शासन बिलकुल ध्यान नहीं दे रहे। जनप्रतिनिधियों को भी अवगत करा दिया गया है। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत व सुशासन तिहार में मांग की थी, जिसका निराकरण अभी तक नहीं हुआ है। अछरीडीहवासियों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व अधिक बारिश होने से कीचड़ बहुत जाता हो गये थे। रात में गुजरने पर जानलेवा गढ्ढे है, जो पता नहीं चलता। जिसके कारण हादसे हो रहे हैं। स्कूली बच्चे साइकिल व किसान बाइक में कीचड़ में फिसलकर गिर रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों व किसानों को हो रही है। समस्या वर्षों से चली आ रही है, बाद भी समस्या दूर नहीं हुई है।

जहां के स्कूली बच्चे गहरे कीचड़ से होकर स्कूल जाने पर विवश हैं। इसी रास्ते से इन्हें स्कूल जाना है। इसे इन बच्चों की स्कूल जाने की दिलचस्पी कहें, मजबूरी कहें या फिर शासन की निष्क्रियता, लेकिन इन बच्चों को इन सभी चीजों से कोई सरोकार नहीं है। फिर भी ये बच्चे इस कीचड़ में साइकिल से अपने बैग और पूरी ड्रेस कीचड़ से सनी होने के बावजूद भी स्कूल जा रहे हैं।

बच्चों की स्कूल जाने की जिद को देख परिजन भी मजबूर हैं और फिर इसी तरह वापस आते हैं। बिरकोनी के किसान रोड़ के गड्ढे में पानी भर जाने पर, रापा निकाल कर भरे हुए पानी की निकासी करते हैं। स्कूली बच्चों व किसानों के लिए अक्सर बरसात में इसी तरह से सामना करना पड़ता है। यदि कोई यहां बीमार हो जाए तो मुख्य मार्ग तक जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को जननी वाहन का लाभ बहुत कम मिल पाता है।

### अछरीडीह कोडार में पुल निर्माण के बाद आवागमन बढ़ा

कोडार में पुल निर्माण होने पर अछोली, अछोला, भोरिंग, समोंदा और बेलटुकरी के लोग इसी मार्ग पर आना जाना करते है। यहां फर्शी पत्थर खदान और फैक्टरी के ओवर लोड गाड़ी और ईट से भरे डंपर और राखड़ गाड़ी चलने के कारण रोड़ में जगह जगह गढ्ढे हो गए है। विधायक प्रतिनिधि भुनेश्वर साहू ने बताया कि सुशासन तिहार में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण की मांग की गई थी। लेकिन, निराकरण अब तक नहीं हुआ। क्षेत्र के विधायक को भी अवगत करा चुके है। उन्होंने बताया कि इसकी स्वीकृति नहीं मिली है। ग्राम पंचायत अछरीडीह सरपंच आसकरण सोनवानी ने बताया कि ग्राम पंचायत के सदस्यों द्वारा सुशासन तिहार में मांग किया गया था, जिसका निराकरण नहीं हुआ है। विधायक को अवगत कराया तो बताया कि अगले बजट में स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य कराया जाएगा। सड़क निर्माण की मांग कलेक्टर से करेंगे।

## महिलाओं ने हाथों में मांगों की मेंहदी लगाई और गुब्बारे छोड़े

**महासमुंद।** संविदा आधार पर कार्यरत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारियों ने आंठवेदिन भी लोहिया चौक में धरना जारी रखा। महिलाओं ने हाथों में मांगों की मेंहदी लगाई और गुब्बारे छोड़े। एनएचएम कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। संघ के जिलाध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने बताया कि एनएचएम संविदा कर्मी से मुक्त आजादी के प्रतीक के रूप गुब्बारे आसमान में उड़ाए। स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल से जिले के सरकारी अस्पतालों में कई सेवाएं बाधित हो रही है जो परेशानी का सबब बन रही है। बता दें कि एनएचएम कर्मचारी संविलियन व स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश सुविधा, स्थानांतरण नीति, 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा बीमा की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार ने 15 अगस्त तक उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, बाद उन्होंने हड़ताल पर जाने का फैसला किया। अनिश्चितकालीन हड़ताल के आज सातवें दिन एनएचएम कर्मचारी संघ ने सरकार से तत्काल संवाद स्थापित करने और उनकी जायज मांगों पर निर्णय लेने का आग्रह किया है। पिछले सात दिनों से एनएचएम कर्मचारी अनोखा प्रदर्शन कर रहे हैं। मालूम हो कि जिले में लगभग 550 एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल से जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ना शुरू हो गया है। हड़ताल के दौरान आपातकालीन सेवाएं, ओपीडी, टीकाकरण, और नवजात देखभाल इकाईयां व राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रभावित हो रहे हैं। खासकर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में जहां पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित हैं, वहां संकट और गहरा सकता है।





प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप



### शिक्षा मंत्री गजेंद्र का झलप में हुआ स्वागत

**झलप।** छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का रविवार को झलप में भव्य स्वागत किया गया। भाजपा झलप मंडल एवं स्काउट गाइड एवं यादव समाज के संयुक्त तत्वावधान में स्वागत किया। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा झलप मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गोलू चंद्राकर, जिलामंत्री धरम दास साहू, वरिष्ठ नेता रूपलाल पटेल, महामंत्री द्वय राकेश साहू, कमल कौशिक, खेमराज बघेल, शिव सिन्हा, ताराचंद पटेल, पोतदार सोनवानी, बली पटेल, पूरन मारकंडे, यादराम पटेल, सतीश मारकंडे, दुर्गेश यादव, दुकाला साहू, संतोष पंडा, भुवन, बाबूलाल पटेल,उमेश सिन्हा, हिरेन्द्र जांगड़े, भागवत यादव, पुरन यादव, बंशीलाल यादव, पंच राम यादव समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शराब की बिक्री एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम अमलीडीह जाने के मार्ग में हाईस्कूल के सामने शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को पिथौरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया आरोपी घनश्याम सांडे पिता बिंदोमणी सांडे (65 वर्ष) ग्राम सेवैया खुर्द के कब्जे से 12 लीटर महुआ शराब कीमत 2400 रुपए को बरामद किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### आज से श्री रामदेव बाबा जन्मोत्सव की धूम

**धमतरी।** स्थानीय इतवारी बाजार गौरव रोड पथ में स्थित श्री रामदेव बाबा मंदिर परिसर में समिति की ओर से श्री रामदेव बाबा जन्मोत्सव कार्यक्रम 25 अगस्त से 3 सितम्बर तक रखा गया है। 25 अगस्त को प्रभातफेरी, अभिषेक, अखंड ज्योत, भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ। गायक उपेन्द्र शर्मा हैदराबाद, रोहित सोनी रायपुर थे। 28 अगस्त को रामधुनी, 2 सितम्बर को हवन पूजन, आरती 56 भोग, भंडारा, प्रसादी, भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। गायिका निधि एवं विधि जैन धमतरी की प्रस्तुति होगी। 3 सितम्बर को शाम 4 बजे शोभायात्रा, शाम को 6 बजे मकई चौक में महाआरती, शाम 7: 30 बजे मंदिर में आरती होगी। इस अवसर पर प्रतिदिन मंदिर में अन्य धार्मिक कार्यक्रम, भजन, पूजन, आरती होगी। महाआरती सुबह 8 बजे, रात्रि 8 बजे दोनों समय होगी।

### करेली छोटी में रामधुनी गायन एवं झांकी स्पर्धा 12 से

**मगरलोड।** मातृ आस्था सेवा मंच एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम करेली छोटी में तीन दिवसीय छग स्तरीय रामधुनी गायन एवं झांकी प्रतियोगिता 12 से 15 सितंबर तक रखी गई है। कार्यक्रम की तैयारी में मातृ आस्था सेवा मंच के सदस्य जुटे हुए हैं।

### गुणसागर का सहायक संचालक उद्योग में चयन

**मगरलोड।** ग्राम पंचायत राजपुर निवासी बसंत सिन्हा के पुत्र गुणसागर सिन्हा का सहायक संचालक उद्योग प्रबंधक (वाणिज्य एवं उद्योग विभाग) में चयन हुआ है। गुणसागर बचपन से होनहार छात्र थे। उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है कि सहायक संचालक उद्योग में चयन हुआ है। चयन होने पर जगतराम सिन्हा, गीताराम सिन्हा, चंद्रहास सिन्हा, केशव सिन्हा, रामकुमार सिन्हा, नंदकुमार सिन्हा, शेखर सिन्हा, रमेश सिन्हा, सोहन, फूलजी सिन्हा, सरपंच जामबाई सिन्हा, उपसरपंच मुकेश सिन्हा, ग्रामीण अध्यक्ष देवनारायण साहू, सचिव गुहलेद कंवर, कोषाध्यक्ष मनराखन निषाद, विजय यदु, पुरुषोत्तम सिन्हा, रामसाय सिन्हा, मोहित ध्रुव, कन्हैया निषाद, पवन निषाद, महेन्द्र सिन्हा, टीकम डहरिया, गुहा निषाद, अश्वनी साहू ने हर्ष जताया है। यह जानकारी पूर्व उपसरपंच पूनमचंद सिन्हा ने दी है।

# शांत्रीबाई कॉलेज में तीजा उत्सव पर विविध आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के शांत्रीबाई महाविद्यालय में तीजा उत्सव समिति द्वारा तीज मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें शहर की प्रमुख समाज व सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी रही। इस अवसर पर महिलाओं विशेष तौर पर लाल रंग के परिधान में कार्यक्रम में पहुंची और बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता भी हुई साथ ही छत्तीसगढ़ी कलेवा का आनंद लिया। जिसमें ठेठरी, खुरमी, पीडिया, अनरसा, कटवा, चीला, बोबरा, लड्डू, फेनी ने अपना स्थान बनाया। व्यंजन की बगिया के साथ बहनों ने खेलकूद, मेहंदी, झूला, तीजा सिंगार, गीत संगीत, श्रृंगार भेंट सहित सांस्कृतिक आयोजनों में भी शामिल हुई।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संगीता राहुल चंद्राकर, सविता चंद्राकर, अपराजिता क्लब आस्था वेलफेयर, चंद्रनाहू कुर्मी समाज, साहू समाज, चंद्रनाहू शिक्षण समिति व शांत्रिबाई महाविद्यालय के विद्यार्थी व स्टाफ सहित प्रमुख रूप से सविता रमा चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, सुरेखा कंवर, मधु तिवारी, उत्तरा, निरंजना चंद्राकर, सती साहू, राशि महिलांग, भारती, प्रीति, आशा, अंजुला, ममता, नीलम, लीना, सविता, आरती सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थित रहे। तीज उत्सव पर शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा मनमोहक प्रस्तुति भजन एवं डांस की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया।



### पुलिस ने निकाली साइकिल रैली

**महासमुंद।** फिट इंडिया के तहत जिला पुलिस बल द्वारा साइकिल रैली निकाली गई। रैली पुलिस कंट्रोल रूम से बरोंडा चौक होते हुए रेस्ट हाउस से वापस कंट्रोल रूम पहुंचीं। जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, रक्षित निरीक्षक, थाना प्रभारी, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। आज-कल भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों का फिट रहना जरूरी है। किंतु लोग स्वास्थ्य के प्रति ध्यान नहीं दे पा रहे हैं, इसी को ध्यान में रखकर यह आयोजन किया गया। जिससे लोग अपने शरीर को फिट रखने के लिए प्रतिदिन आधा घंटे साइकिल से सफर करें। इससे न केवल शरीर चुस्त रहेगा बल्कि पेट्रोल की खपत भी कम होगी।



### कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी से नपाध्यक्ष की भेंट

**महासमुंद।** प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ के महासमुंद आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने उनसे सौजन्य मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा की। साहू ने कांग्रेस भवन में उनका आत्मीय स्वागत किया। जांगिड़ में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, संजय शर्मा, दाऊलाल चंद्राकर, गुरमीत चावला, सोमेश दवे, प्रकाश अजमानी, शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, अमन चंद्राकर, नितेंद्र बनर्जी, सुरेंद्र ठाकुर, सुनील चंद्राकर, भानु सोनी आदि उपस्थित रहे।

### ऐलान: एसडीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन

# खाद नहीं मिलने पर किसान 1 सितंबर को करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही, जिला पंचायत सदस्य मोक्ष प्रधान, जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चंद्राकर की विशेष उपस्थिति में सांकरा, सागुनढाब, भगतदेवरी, पिरदा, आरंगी, सिरको, जगदीशपुर सहकारी समिति क्षेत्र के किसानों की आवश्यक बैठक हुई। जिसमें पाया कि सहकारी समितियों में रासायनिक खाद नहीं मिलने और निजी दुकानदारों द्वारा मनमाने दाम पर खाद बेचने, जबरदस्ती लादन देने के कारण किसानों को अपना खेती करना व फसल उत्पादन करना परेशानी का सबब बन गया है, जिससे किसान परिवारों के सामने आजीविका का संकट उत्पन्न हो रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन पिथौरा ब्लॉक के संयोजक अजय साहू ने बताया कि उपस्थित किसान ब्रजेश खाम्हारी, मोतीलाल पटेल, शरद चंद्र, पुरुषोत्तम भोई, अश्विनी प्रधान, नरोत्तम साहू, भास्कर बारीक़, सुशील बढ़ाई, मुरलीधर, गोवर्धन पटेल, धनुर्जय पटेल, श्रीनिवास साहू, ललित कुमार खम्हारी, शेषदेव प्रधान, घनश्याम पटेल, मोतीलाल भोई, चंद्रकांति सागर आदि ने अनुविभागीय अधिकारी पिथौरा के नाम तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए मांग की है कि 29 अगस्त शुक्रवार तक किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराया जाए। लादन एवं खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए। इस दिनांक तक खाद नहीं मिलने पर 1 सितंबर 2025 सोमवार को सांकरा नेशनल हाइवे पर किसान चक्काजाम करने को मजबूर होंगे।

# रक्तदान को जीवन का नियमित हिस्सा बनाए मानवीय सेवा कार्य : अनिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

अग्रवाल पंचायत धर्मशाला में आशीर्वाद ब्लड बैंक एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान अभियान 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना, आपातकालीन स्थितियों में रक्त की कमी को दूर करना तथा समाज में सेवा, करुणा और मानवता की भावना को प्रोत्साहित करना था।



इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद की टीम विशेष रूप से शामिल हुई। कार्यक्रम में समाजसेविका एवं विश्व मानवाधिकार आयोग की राष्ट्रीय सदस्य अनिता चौधरी, प्रखंड संयोजिका डॉ. नमिता साहू, नगर संयोजिका गौरी बग्गा, प्रखंड महामंत्री, तेजराम बिसी, ग्राम पंचायत पंडरीपानी के सरपंच प्रवीण बरिहा, खुशीराम प्रधान, क्षेत्रमोहन प्रधान सहित अन्य टीम सदस्य उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अनिता चौधरी ने कहा कि रक्तदान से पर्याप्त मात्रा में रक्त का संग्रह हो पाता है, जिससे आवश्यकता पड़ने पर जरूरतमंदों तक समय पर रक्त पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि रक्तदान को जीवन का नियमित हिस्सा बनाएं, क्योंकि यह सबसे बड़ा मानवीय सेवा कार्य है। कार्यक्रम में श्रीकांति वर्गे, प्रीति जैन, भगवती अग्रवाल सहित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूरी टीम सक्रिय रूप से उपस्थित रही और अभियान की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान एक ऐसा महादान है, जो न केवल किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाता है, बल्कि समाज में भाईचारे, सहयोग और सेवा की भावना को भी प्रबल करता है। रक्तदान के लिए आए सभी स्वयंसेवकों ने पंजीकरण कर चिकित्सा दल की देखरेख में सुरक्षित तरीके से रक्तदान किया।

चिकित्सा विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को नियमित रक्तदान के स्वास्थ्य लाभ, जैसे कि रक्त में आयरन संतुलन, हृदय रोगों की संभावना में कमी और नई रक्त कोशिकाओं के निर्माण की प्रक्रिया में वृद्धि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अतिथियों और आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और यह एक ऐसा कार्य है जो हमें न केवल दूसरों के जीवन में उम्मीद की किरण जगाने का अवसर देता है, बल्कि स्वयं के भीतर भी संतोष और गर्व की भावना भर देता है। इस तरह, विशाल रक्तदान अभियान 2025 न केवल चिकित्सा जरूरतों को पूरा करने में सहायक सिद्ध हुआ।

# शराब दुकान से 47.45 लाख की हेराफेरी सुपरवाइजर व सेल्समैन से पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले की शराब दुकानों में बिक्री राशि के गबन का मामले थम नही रहे। पटेवा थाना क्षेत्र के जोगीडीपा देशी-विदेशी कम्पोजिट शराब दुकान में दुकान के सेल्समैन, सुपरवाइजर एवं कैश कलेक्शन कंपनी के कर्मचारी ने मिलीभगत कर डेढ़ माह में 47 लाख 45 हजार 189 रुपये की राशि का हेराफेरी की है। पुलिस ने आबकारी विभाग की शिकायत पर बीएनएस की धारा 318(4), 316(5), 336(3) , 3(5) के तहत मामला दर्ज कर सुपरवाइजर व सेल्समैन को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार ईगल हंटर सॉल्यूशन लिमिटेड कंपनी के जिला समन्वयक, आबकारी उप निरीक्षक नितेश सिंह बैस व आबकारी स्टाफ 18 अगस्त को कम्पोजिट विदेशी मदिरा दुकान जोगीडीपा पहुंचे तो प्रारंभिक निरीक्षण में बैक में जमा राशि की पर्ची में कुछ ओवर राइटिंग व छेड़छाड़ होना पाया गया। संदेह के आधार पर कैश कलेक्शन एजेंसी सीएमएस द्वारा बैंक मे जमा राशि की पर्ची की जांच की गई तो 1 जुलाई से 18 अगस्त तक कुल देशी विदेशी मदिरा की कुल विक्रय राशि में 4745189 राशि का अंतर होना पाया गया। जिसमें जुलाई माह में 3135727 रुपये एवं अगस्त माह में 1609462 रुपये कम पाया गया। बाद आबकारी विभाग ने मुख्य विक्रयकर्ता जुबेर सिद्धिकी, विक्रयकर्ता गोविंद ध्रुव एवं कैश कलेक्शन काउंटर कंपनी के कर्मचारी पर मामला दर्ज कराया।

जिला आबकारी आधिकारी एसके सूर्यवंशी ने बताया कि जोगीडीपा स्थित कंपोजिट शराब दुकान के सैल्समैन द्वारा बिक्री रकम जमा करने में हेराफेरी की गई है जिसकी पुष्टि ऑडिट के दौरान हुई है। मामला पटेवा थाना में दर्ज कराया गया है।

# महतारी वंदन एवं पेंशन भुगतान को लंबित बता जनता को भ्रमित करने के लिए झूठी मांग कर रहे नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू महतारी वंदन एवं पेंशन भुगतान को लंबित बताकर जनता को भ्रमित करने के लिए झूठी मांग कर रहे हैं। नपाध्यक्ष जिम्मेदारी वाले पद पर बैठकर अनर्गल बयान करने से बाज आए।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रति माह के 2 तारीख को महतारी वंदन की रकम 1000 रुपए महिला हितग्राही के खाते में जमा कर देते है। दूसरी तरफ वृद्धावस्था, विकलांग, विधवा, तलाक पेंशन की राशि को भी संबंधित हितग्राही के खाते में प्रत्येक माह जमा कर दी जाती है। जबकि, कांग्रेस के शासनकाल में 3-3 माह तक राशि पेंशनधारियों के खाते में नहीं डाली जाती थी। जब से प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है, तब से नियमित भुगतान पेंशनधारियों के खाते में सीधे बैंक के माध्यम से हो रहा है। नगर में लगभग 11000 महिलाओं को महतारी वंदन का लाभ मिल रहा है। इस तरह 5000 से अधिक पेंशनधारी को सरकार सीधे पेंशन राशि दे रही है। महिलाओं के लिए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा महासमुंद विधानसभा के 5 ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनवाया



जा रहा है। यह बड़ी सौगात है। भाजपा ने कहा था कि हम ही बनाए है, हम ही सवारेंगे की तर्ज पर हर गरीब वर्ग की चिन्ता सरकार कर रही है। नपाध्यक्ष को चिंता करने की जरूरत नहीं है, उन्हें अपने नगर पालिका के नियमित एवं प्लेसमेंट के कर्मचारियों का वेतन भुगतान को लेकर चिंता करनी चाहिए। महासमुंद नगर पालिका में मई 2025 तक का ही वेतन नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों को मिला है। लगभग 3 माह से कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया गया। जिसके कारण कर्मचारीगण तीजा पोला के त्योहार में आर्थिक संकट से जूझ रहे है। इससे कर्मचारियों की कार्य क्षमता भी प्रभावित हो रही है। अध्यक्ष नगर पलिका कर्मचारियों की चिंता छोड़, छग सरकार की खामी ढूंढ रहे है। मैं बताना चाहता हूं कि गरीबों एवं एपीएल राशनकार्डधारियों को एडवांस में तीन माह का चावल मुक्त में देने वाली देश की प्रथम राज्य छत्तीसगढ़ है।

# मितानिन कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को सौंपा ज्ञापन, वादा पूरा करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा



खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंची मितानिन कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को विधायक द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन विधायक को सौंपा। ज्ञापन में मितानिन कर्मियों ने केंद्र सरकार की गारंटी एवं चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वायदों को शीघ्र पूरा करने की मांग की।

मितानिन संघ ने ज्ञापन में बताया कि मितानिन एवं मितानिन कर्मियों से जुड़े मुद्दों पर मोदी सरकार द्वारा घोषणा पत्र में दिए गए वादे अब तक पूरे नहीं हुए हैं। साथ ही मितानिन कार्यक्रम का संचालन पुनः एनजीओ को सौंपे जाने का उन्होंने विरोध जताया। प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षक कल्याण संघ के आह्वान पर प्रदेशभर की मितानिन, प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं धरना-प्रदर्शन पर हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शासन ने उनकी मांगों पर एक सप्ताह के भीतर ठोस निर्णय नहीं लिया तो प्रदेशभर में 72 हजार मितानिन जंगी आंदोलन करेंगे। इसके तहत मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के निवास का घेराव करने के साथ-साथ चक्काजाम की भी तैयारी है। विधायक द्वारिकाधीश यादव ने मितानिन कर्मियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं और मांगों को विधानसभा में मजबूती से उठाया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में रोशनी, देवकी वैष्णव, मोहिनी यादव, सरोज यादव, शकुंतला पटेल, हेमलता बघेल, संतोषी, कुंती, ओम कुमारी सहित खल्लारी विधानसभा क्षेत्र की अनेक मितानिन कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।



# अम्बेडकर चौक से ओवरब्रिज तक गड्ढों में डाले जाएंगे बजरी गिट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदगण पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, भाजपा नेता गौरव राठी, रोशन बग्गा ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता चंद्रशेखर चंद्राकर को ज्ञापन देकर कहा कि डा. अंबेडकर चौक से ओवरब्रिज तक दोनों तरफ लगभग 800 मीटर रोड पर डामरीकरण करना अति आवश्यक है। सड़क पर एक से डेढ़ फीट के बड़े गढ्ढे हो गए है। जिसके कारण आम नागरिको को आवागमन में परेशानी हो रही है। कई बार लोग दुर्घटना के शिकार हो गए हैं। गड्ढों में बरसाती पानी भरे रहने के कारण सड़क में कीचड़ हो गया है। जिससे बरसाती बीमारी फैल सकती है। ज्ञापन और चर्चा उपरांत चंद्राकर ने कहा कि सड़क का डामरीकरण के लिए एक माह का समय चाहिए।

बरसात में डामरीकरण नही होता है। अक्टूबर माह में पूरे रोड का डामरीकरण कराने का आश्वासन दिया। 24 घंटे के अंदर रोड के गड्ढे में बजरी गिट्टी डालकर फिलिंग कराने की बात कही तथा मौका निरीक्षण के लिए अग्रवाल इंजीनियर को तत्काल भेजा गया। बजरी रेती गिट्टी के फिलिंग से आम नागरिकों के आवागमन में राहत मिलेगी तथा अक्टूबर तक 2 माह के भीतर रोड का जीर्णोद्धार होगा।

# बैठक में जांगिड़ बोले: संगठन की मजबूती के बिना किसी भी राजनीतिक दल का भविष्य सुरक्षित नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर में कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। नगर के सांस्कृतिक भवन में आयोजित हुई यह बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के सहप्रभारी विजय जांगिड़ तथा छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव की उपस्थिति में हुई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करना तथा आगामी समय में कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए रणनीति बनाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर संगठन के इस महत्वपूर्ण बैठक की शुरुआत की गई। तत्पश्चात उद्बोधन का दौर प्रारंभ हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं बागबाहरा जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष रवि निषाद, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवेश साहू, आदिवासी नेता मनोहर ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गणेश शर्मा, जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस दुर्गा सागर तथा वरिष्ठ नेता फिरोज़ मेमन ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं बागबाहरा जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव चंद्राकर ने अपने वक्तव्य में कहा कि कांग्रेस सदैव समाज के कमजोर वर्गों,



किसानों और गरीबों की आवाज को बुलंद करती रही है। आज का समय संगठनात्मक मजबूती और एकजुटता का है।

विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव जनता की भावनाओं के साथ खड़ी रही है। आज समय की आवश्यकता है कि हम सभी मिलकर संगठन को और मजबूत बनाएं। अंतिम एवं मुख्य वक्ता के रूप में बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव विजय जांगिड़ ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं। संगठन की मजबूती के बिना किसी भी राजनीतिक दल का भविष्य सुरक्षित नहीं हो सकता। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने, जनता के बीच पहुंच बनाने और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

इस दौरान प्रमुख रूप से बुद्धेश्वर डडसेना, सेवाराम साहू, कांति प्रसाद तिवारी, विष्णु महानंद, राजेश सोनी, सविता गोस्वामी, जयंतीलाल चंद्राकर, जीवराखन निर्मलकर, कामिनी चंद्राकर, पूनम दास मानिकपुरी, लेख राम दीवान, सफी मोहम्मद, अंजोर सिंह ठाकुर, रामलाल सिन्हा, रिंकू चंद्राकर, अशोक अग्रवाल, घनश्याम गांधी, राजेंद्र शर्मा, सुखलाल बरिहा, रामकुमार ठाकुर, रामेश्वर चक्रधारी, चंद्रहास साहू, देवराज सिंह ठाकुर, आशीष दीवान, नंद कुमार निषाद, जयश्री ठाकुर, कुसुमलता बरिहा, कुमारी अनुकी सेन, सविता ठाकुर, ताम्रध्वज बघेल, मंता यादव, आमिर मिथुन, शिव जगत, राजेश ठाकुर, ममता ठाकुर, टिकेश्वरी दीवान, चंद्रकला जांगड़े, कुंती महानंद, उमेश साहू, मुकुंद सिन्हा, राजेश सिन्हा, आसाराम मोंगरे, सुंदरलाल साहू, रामलाल नायक, प्रीतम साहू, टेनू राम साहू, देवनाथ साहू, राजू चंद्राकर, भक्त राम मांझी, मयंक शर्मा, लोकेश दीवान, नवनीत नाग, तूफान दीवान, ओंकार ठाकुर, कुमार ढीढी, पुष्पेंद्र चंद्राकर, चेतराम बघेल, हेम सिंह नायक, प्रभु लाल यादव, चंदूलाल साहू, राहुल यादव, शहजान पाशा, तुलाराम साहू, नरेंद्र जैन, प्रदीप यादव, मोहन कुलदीप, कोमल महानंद, हेमसिंह नायक, चोवा राम साहू, भुवनलाल साहू, चयन कौशिक, जनक निषाद, कबीर साहू, रोशन तारक, दाऊ लाल धीवर, राजिम बाई नायक सहित पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### दुर्गोत्सव समिति के बलविंदर अध्यक्ष



**झलप।** स्थानीय स्तर पर भव्य दुर्गोत्सव आयोजन के लिए झलप में सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बलविंदर सिंह सीटू को समिति अध्यक्ष चुना गया। सागर साहू उपाध्यक्ष, राजेंद्र चौधरी कोषाध्यक्ष, सुनील निषाद सचिव और सह सचिव की जिम्मेदारी प्रमोद ध्रुवंशी को सौंपी गई। साथ ही भागीरथी मार्कंडेय, शम्मी सलूजा, मुकेश अग्रवाल, कौशल देवांगन और किशन कोसरिया सहित गणमान्यजनों को समिति का संरक्षक बनाया गया है। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष झलप में सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति द्वारा भव्य रूप से दुर्गोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें प्रतिदिन नए-नए सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्रीय जनता को आकर्षित किया जाता है। इस वर्ष भी आयोजन को और भव्य स्वरूप देने की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

### हरजिंदर बने विधायक प्रतिनिधि



**महासमुंद।** स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने विधायक कार्यालय महासमुंद में आयोजित कार्यक्रम में हरजिंदर सिंह (शम्मी सलूजा) को उप तहसील झलप का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया। इस अवसर पर विधायक ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि शम्मी सलूजा की सक्रियता और सामाजिक कार्यों में सहभागिता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम में ललिता अग्रवाल, निर्भय नायक, सागर साहू, राजू साहू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नियुक्ति पर ललिता अग्रवाल, देवा नायक, कमल आदि ने हर्ष जताया है।

# असाक्षरों को साक्षर करने स्वयंसेवी शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत असाक्षरों को साक्षर करने के लिए स्वयंसेवी शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशन में विकासखंड बागबाहरा को पांच जोन-बागबाहरा, गांजर, लुकूपाली, तुसदा व खल्लारी में बांट कर वहां के चिन्हांकित स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।



प्रशिक्षण के प्रारंभिक सत्र में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों तथा महत्व की जानकारी दी गई। इसके पश्चात विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षण की नवाचार पूर्ण पद्धतियाँ, खेल आधारित शिक्षा तथा स्थानीय स्तर पर साक्षरता अभियान को प्रभावी बनाने के उपायों पर चर्चा की गई। दोपहर के सत्र में शिक्षार्थियों को पढ़ने के लिए प्रेरित करने की तकनीकों तथा साक्षरता अभियान की रूपरेखा से अवगत कराया गया। स्वयंसेवी शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और साक्षरता मिशन से जुड़ी चुनौतियों के समाधान पर विचार विमर्श किया। प्रशिक्षण का निरीक्षण जिला साक्षरता नोडल अधिकारी एपीसी संपा बोस द्वारा किया गया। उन्होंने संदेश दिया कि स्वयं सेवी शिक्षक की भूमिका केवल सिखाने तक ही नहीं है, बल्कि समाज में साक्षरता का वातावरण निर्माण करना भी उनका कर्तव्य है। यह उनके ज्ञान और कौशल को बढ़ाते हैं और समाज सेवा की भावना को सुदृढ़ करते हैं। अंत में अपने जिले को पूर्ण साक्षर करने के लिए सभी स्वयं सेवी शिक्षकों द्वारा शपथ ली गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में आर चंद्राकर, वी. पटेल, अमित कुमार उइके, पवन साहू, गजानंद दीवान, फुलेश्वरी दीवान, गीता साहू, रामचरण ध्रुव, दीपा महार व गोविंद चौधरी उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विखं शिक्षा अधिकारी केके वर्मा, एबीईओ रामता डे, बीआरसीसी भूपेश्वरी साहू मौजूद रहे।

# सर्वकुर्मी महिला समाज ने मनाया तीज मिलन पर्व, विशेष परिधान में आईं नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ सर्व कुर्मी महिला समाज का तीज मिलन कार्यक्रम जिलाध्यक्ष निधि लोकेश चंद्राकर की टीम द्वारा श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी महिलाएं लाल साड़ी में श्रृंगार कर शामिल हुई एवं तिलक लगाकर वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लिया।

मेहंदी प्रतियोगिता, 16 श्रृंगार प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, नृत्य प्रतियोगिता और जनौला का आयोजन किया गया। कपड़ों एवं आर्टिफिशियल गहनों का स्टाल भी लगाया गया। प्रतियोगिता जीतने वालों को भेंट स्वरूप उपहार दिया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से तारा चंद्राकर, पुष्पा चंद्राकर, लता चंद्राकर, रमा चंद्राकर, ज्योति चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, पूजा चंद्राकर, स्मिता चंद्राकर, तारनी चंद्राकर, चंद्रकला चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, दुर्गा चंद्राकर, चंचल चंद्राकर, आशा चंद्राकर, दीक्षा चंद्राकर, पूनम चंद्राकर, अन्नू चंद्राकर, किरण चंद्राकर, डाकेश्वरी चंद्राकर, लुकेश्वरी चंद्राकर, मीना चंद्राकर, माधुरी चंद्राकर, किरण चंद्राकर, खुशबू चंद्राकर, लुकेश्वरी चंद्राकर, सती चंद्राकर, राखी चंद्राकर, दिशा चंद्राकर, कशिश चंद्राकर, नियति चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# देवरी में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ थीम आर्यभट्ट से गगनयान प्राचीन ज्ञान से अनन्त संभावनाओं तक रखा गया

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम आर्यभट्ट से गगनयान प्राचीन ज्ञान से अनंत संभावनाओं तक रखा गया। विद्यालय के प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में अटल टिंकरिंग लैब में छात्र-छात्राओं को मिशन चंद्रयान से अवगत कराकर चंद्रयान के सफलतापूर्वक चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने की खुशी में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने के बारे में बताया और ये भी बताया कि ऐसा करने वाले हम दुनिया के प्रथम देश है।

इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने बताया कि आर्यभट्ट भारत का प्रथम उपग्रह था। इसके पश्चात देश के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष के अनेक मिशन को सफलता पूर्वक संपन्न किया। व्याख्याता रविप्रकाश पात्रे ने बताया कि भारत का इसरो और अमेरिका का नासा लगातार अंतरिक्ष मिशन में कार्य कर आम नागरिक के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे है। भौतिक के व्याख्याता आशीष दीवान ने पृथ्वी, चंद्रमा, मंगल इत्यादि ग्रहों की गति के माध्यम से मिशन चंद्रयान को समझाने का प्रयास किया। व्याख्याता बीएल टंडन ने बताया कि वर्तमान में मोबाइल जैसे सुविधाएं भी हमारे वैज्ञानिकों की देन है, जो संचार उपग्रह से मिल पाते हैं। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, आनन्द राम व्यौहार, नीलू सोनी, भोजराम ध्रुव, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम साहू सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# आशीबाई स्कूल में द्वितीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में द्वितीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक हुआ। प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता एवं एटीएल लैब प्रभारी चंद्रशेखर मिथलेश द्वारा किया गया।

इस वर्ष 23 अगस्त को चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सॉफ्ट-लैंडिंग और प्रज्ञान रोवर की तैनाती की दूसरी वर्षगांठ है। 2025 की थीम आर्यभट्ट से गगनयान प्राचीन ज्ञान से असीम संभावनाओं तक रही, जिसका उद्देश्य युवाओं को स्टीम शिक्षा व करियर हेतु प्रेरित करना है।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि नागेंद्र दुबे एएसआई, अतिथि संपा बोस (एपीसी समग्र महासमुंद) रहे। कार्यक्रम में पीएमश्री सेजस तुमगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग, सेजस हिंदी माध्यम महासमुंद, शासकीय हाईस्कूल बड़गांव तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा से आए कुल 52 विद्यार्थि शामिल हुए। बच्चों ने हबल टेलीस्कोप, इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन, चंद्रयान-3, आदित्य एल-1 मिशन, गगनयान आदि विषयों पर प्रभावी विचार साझा किए एवं अंतरिक्ष विज्ञान संबंधी मॉडल प्रस्तुत किए। एटीएल प्रभारी चंद्रशेखर मिथलेश ने कहा कि विद्यालय अंतरिक्ष संबंधी विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगातार हिस्सा लेता रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि विद्यालय की बालिकाओं ने इसरो एवं स्पेस किड्ज इंडिया के आजादी सैट-1 और आज़ादी सैट-2 उपग्रह मिशन में चिप की प्रोग्रामिंग का कार्य किया। साथ ही विद्यार्थियों ने प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर चेन्नई में अंतरिक्ष यात्रियों से मुलाकात कर अंतरिक्ष संबंधी उनके अनुभव प्राप्त किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता विमल मन्नड़े, ईश्वर चंद्राकर, आशीष देवांगन, पवन साहू सीएसी, अश्वनी कुमार धीवर, डॉ ज्योति किरण चंद्राकर, कमलेश्वरी साहू, केशव साहू, महेश ध्रुव, रेखा राजपूत, किरण पटेल, प्रधान आरक्षक कृपा राम साहू, आरक्षक राधेलाल चंद्रवंशी, अशोक चंद्राकर यातायात विभाग महासमुंद आदि उपस्थिति रहे। शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान एवं सदस्यों ने हर्ष जताया।

# कामकाज में कसावट लाने प्रशासकीय अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जिले में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टरों के मध्य पूर्व में सौंपे गए प्रभार में आंशिक संशोधन करते हुए आगामी आदेश पर्यंत तक कार्य विभाजन कर प्रभार सौंपा गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार को अनेक विभागों के प्रभार सौंपे गए है। इनमें मुख्यमंत्री की घोषणा एवं निर्देश, स्वास्थ्य विभाग, जिला आयुर्वेद, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, कृषि विभाग, पशु चिकित्सा सेवाएं, मत्स्य पालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, रेशम विभाग, शिक्षा विभाग, नोडल जिला सहकारी बैंक, ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं, क्रेडा, मुख्यमंत्री कौशल विकास विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, हथकरघा विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र, सीएसआर, जिले के विभिन्न आयोजन, समारोह के प्रभारी व समन्वयक, निःशक्त कल्याण एवं पुनर्वास विभाग तथा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य शामिल है।

इसी तरह अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा प्रत्येक बुधवार लिंक कोर्ट सरायपाली में उपस्थित रहेंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत कलेक्टर के अधिकार क्षेत्र के प्रकरणों को छोड़कर तहसील बसना, सरायपाली के राजस्व प्रकरण अपील एवं निगरानी, पुनरीक्षण प्रकरणों की सुनवाई एवं निपटारा का दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह नजूल पट्टों का नवीनीकरण व नजूल शाखा के ऐसे प्रकरण व नस्तियों में जिसमें कलेक्टर के आदेश अनिवार्य न हो अपर कलेक्टर के रूप में अंतिम निराकरण किया जाएगा। जिला कार्यालय के शाखाओं-उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन, नजूल शाखा, वरिष्ठ लिपिक शाखा 02, विधानसभा, राज्यसभा, लोकसभा प्रश्नोत्तर प्रकोष्ठ, भू-विवाद निवारण प्रकोष्ठ, नोडल अधिकारी, चिटफंड, भाड़ा नियंत्रक, शिकायत एवं जन शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, राजस्वत लेखा, राहत शाखा, सत्कार शाखा तथा श्रम विभाग, खेल विभाग एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग के प्रभारी अधिकारी होंगे। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य शामिल है।

अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू जिले के लिए अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी होंगे। छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत कलेक्टर के अधिकार क्षेत्र के प्रकरणों को छोड़कर जिले के महासमुंद, बागबाहरा, कोमाखान एवं पिथौरा तहसीलों के राजस्व प्रकरण अपील एवं निगरानी, पुनरीक्षण प्रकरणों की सुनवाई एवं निपटारा का दायित्व सौंपा गया है। साथ ही शोध क्षमता प्रमाण-पत्र जारी करना, कानून व्यवस्था संबंधी, रोस्टर अनुसार राजस्व न्यायालय का निरीक्षण, अपीलीय अधिकारी सूचना का अधिकार, जिला शहरी विकास अभिकरण (डूडा), धारा 165 (6) (7) के तहत भूमि बिक्री मंजूरी के प्रकरणों की जांच कर प्रस्तुत करना, भू अर्जन प्रकरणों में 10 लाख तक मुआवजा प्रकरणों का अनुमोदन करना। इससे ऊपर के प्रकरण कलेक्टर को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करना, भू-अर्जन/भू-बंटन, बंदोबस्त लेखों में सुधार संबंधी समस्त मामले, भू अभिलेखों में सुधार संबंधी समस्त मामले, खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं औषधि प्रशासन विभाग के प्रकरणों का निराकरण आदि कार्य शामिल है। जिला कार्यालय के शाखाओं भू अभिलेख शाखा, लाइसेंस शाखा, एसडब्ल्यूएस शाखा के प्रभारी, खनिज न्यास, कोविड-19 एक्सग्रेसिया, जल जीवन मिशन के नोडल अधिकारी एवं जिला विवाह अधिकारी व जेल निरीक्षक होंगे। इसी तरह खाद्य विभाग, आदिवासी विकास विभाग, आबकारी, विभाग, जिला पंजीयक, जिला परिवहन, नगरीय निकाय एवं उच्च शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी होंगे तथा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य शामिल है।

डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा, जिला कार्यालय के शाखाओं- वित्त स्थापना शाखा, नाजरात, वरिष्ठ लिपिक शाखा 01 आवास आबंटन सहित, पुरातत्व शाखा, विकास शाखा, मुख्यमंत्री की घोषणा (नस्तियां अपर कलेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत की जाएगी) के प्रभारी व जिला विभागीय जांच अधिकारी होंगे। साथ ही सेवानिवृत्त तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों के परिवार कल्याण निधि, समूह बीमा योजना की जमा राशि का अंतिम भुगतान तथा कर्मचारियों के सामान्य, विभागीय भविष्य निधि खाता में जमा राशि एवं अवकाश नगदीकरण ग्रेच्युटी की राशि का अंतिम भुगतान स्वीकृति। अधीक्षक, सहायक अधीक्षक एवं भू-अभिलेख विभाग स्तर तक के अधिकारियों-कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि से अग्रिम, आंशिक अंतिम विकर्षण, यात्रा भत्ता, चिकित्सा प्रतिपूर्ति की स्वीकृति का अधिकार। जिला कार्यालय के समस्त शाखाओं के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के समस्त प्रकार के अवकाशों की स्वीकृति तथा समस्त परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए अनुमति/स्वीकृति का अधिकार सौंपा गया हैं। तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की वार्षिक वेतनवृद्धि अधिकार, विद्युत देयक, पीओएल टेलीफोन एवं डाक तार संबंधी देयकों की स्वीकृति का अधिकार, लेखन सामग्री एवं अन्य आकस्मिक निधि एवं अन्य निधियों से व्यय संबंधी देयक 20 हजार रुपए सीमा तक स्वीकृति का अधिकार, अनुपयोगी डेड स्टॉक जो 5 हजार रुपए का हो अपलेखन करने का अधिकार, चोरी हुए 2 हजार रुपए तक की सामग्री को अपलेखन करने का अधिकार सौंपा गया है। इसी तरह खनिज विभाग एवं जिला कोषालय के प्रभारी अधिकारी होंगे तथा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य शामिल है।

डिप्टी कलेक्टर सृष्टि चंद्राकर, जिला कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारी होंगे। जिसमें सहायक अधीक्षक (राजस्व/सामान्य), अभियोजन शाखा, जनगणना, बीस सूत्रीय शाखा, तकाबी शाखा, अधिक अन्न उपजाओं शाखा, राजस्व मोहर्रिर शाखा, लोक आयोग के प्रकरणों का निराकरण, अल्प बचत शाखा, देवस्थानम, सार्वजनिक ट्रस्ट मॉनिटरिंग, वक्फ संपत्ति, देव स्थल, धर्मस्व एवं पुनर्वास, एवं मानव अधिकार आयोग एवं सभी संवैधानिक आयोग से संबंधित शाखा शामिल है तथा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य शामिल है।

डिप्टी कलेक्टर तेजपाल सिंह ध्रुव जिला कार्यालय के शाखाओं व समय सीमा के तहत दर्ज आवेदन पत्रों, प्रकरणों के लिए प्रभारी अधिकारी व सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ एवं जनसूचना अधिकारी होंगे। शाखा लोक सेवा गारंटी, आवक-जावक, अभिलेख एवं प्रमाण पत्रों का सत्यापन एवं विभिन्न स्तर से कार्यालय को प्राप्त होने वाले समस्त डाक की मार्किंग के लिए प्रभारी अधिकारी होंगे तथा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य शामिल है। डिप्टी कलेक्टर अक्षा गुप्ता को जिला कार्यालय के शाखाओं ई प्रशासन अंतर्गत सॉफ्टवेयर का क्रियान्वयन, ई-डिसट्रिक्ट, लोक सेवा केंद्र, जिला नवाचार निधि योजना, प्रतिलिपि शाखा, अभिलेखागार (हिंदी/अंग्रेजी), पुस्तकालय शाखा/प्रपत्र शाखा एवं वाचक कलेक्टर न्यायालय शाखा के प्रभारी अधिकारी होंगे तथा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य शामिल है।

# जिला न्यायाधीश ने ली अधिकार मित्रों की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**महासमुंद।** जिला न्यायालय परिसर स्थित वैकल्पित विवाद समाधान केंद्र (एडीआर भवन) कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सभाकक्ष में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आनंद बोरकर, प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो की उपस्थिति पर अधिकार मित्रों की बैठक ली गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद के प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा न्याय से कोई वंचित ना हो, न्याय हर घर तक पहुच तथा न्याय जागरूकता, सूचना और पारदर्शिता पहल कर समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी जानकारी अथवा उन्हें सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से विशेष जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है, जो विभिन्न थीम पर अधारित जागरूकता योजनाओं से संबंधित है। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा बैठक में उपस्थित प्रबंध कार्यालय, सखी वन स्टाप सेंटर एवं लीगल एड क्लीनिक ग्राम पंचायत में पदस्थ एवं जिले के आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों उनके द्वारा किए जाने वाले विधिक जागरुकता गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। स्टेट प्लान आफ एक्शन के तहत माह अगस्त में सभी पैरालीगल वॉलेटिंयर अर्थात अधिकर मित्रों की मासिक कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करना निर्धारित है। नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा चलाए जा रहे अभियानों के बारे में किए जा रहे विधिक जागरूकता अभियान एवं कार्यक्रमों संबंधी कार्यों की समीक्षा ली गई। सभी अधिकार मित्रों को उनके लिए परिचय पत्र वितरित किया गया। नालसा हेल्प लाईन एवं नालसा पोर्टल पर दिए जाने वाले विधिक सलाह के बारे में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जनचेतना, नेशनल लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर किए जाने वाले प्रकरणों के बारे में जन-जागरूकता, हमर अंगना, वृद्धजनों के लिए करूणा अभियान की जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप



### खट्टी में भोजली का विसर्जन

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में हर साल की तरह इस वर्ष भी भोजली पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। कमरछठ के दिन भोजली बोया गया और पोला पर्व पर विसर्जन किया गया। भोजली का विसर्जन ग्रामवासियों ने गाजे बाजे के साथ किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित होकर भोजली की पूजा अर्चना कर विसर्जन में शामिल हुए। ग्रामीण प्रेमलाल साहू ने बताया कि ग्रामीण परंपराओं का निर्वहन और छत्तीसगढ़ी परंपराओं का सबसे महत्वपूर्ण पर्व भोजली ग्राम खट्टी में हर साल नियमनुसार मनाया जाता है। इस अवसर पर राजेंद्र साहू, रवि कुमार ध्रुव, गंगा प्रसाद साहू, परउ, रामजी ध्रुव, तुका राम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।




### विश्व से अपराध मुक्ति का एकमात्र विकल्प है चेतना विकास मूल्य शिक्षा

**महासमुंद।** मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही पटेवा और कोकड़ी सरकारी स्कूल ने विकसित भारत-विकसित संसार, सुखी समृद्ध परिवार-सुखी समृद्ध संसार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए देशभर के अनेक विद्यालयों, समाजसेवी संस्थाओं व श्रेष्ठ व्यक्तियों से मुलाकात व संवाद कार्यक्रम बनाया है। इस लक्ष्य को पूरा करते हुए नवदीप विद्या मंदिर गुजरात का शैक्षिक भ्रमण व अवलोकन छत्तीसगढ़ जीवन विद्या लोक व्यापीकरण अभियान टीम के प्रतिनिधि के रूप में किया। यह विद्यालय गुजरात विसनगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गांव के समीप ही है। जहां 380 बच्चों व 380 पालकों व 40 शिक्षकों ने चेतना विकास मूल्य शिक्षा प्रशिक्षण व जीवन विद्या लोक व्यापीकरण अभियान शिविर में भाग लिया। जिसका प्रबोधन शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने किया।



### तीज पर्व पर किया गया पौधरोपण

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में तीज पर्व पर पौधरोपण किया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि पौधे लगाने से इसी प्रकार हमारे जीवन की बुनियाद पेड़ पौधों पर निर्भर है। वही हमारे जीवन का आधार हैं। क्योंकि वृक्षों द्वारा छोड़ी गई ऑक्सीजन को हम सांस लेने में उपयोग करते हैं। इतना ही नहीं वृक्ष जो पानी जमीन से अवशोषित करते हैं। उसे वह पत्तों के द्वारा वाष्प के रूप में छोड़ देते हैं। जो वाष्पीकृत होकर वातावरण में नमी बनाए रखती है। बरसात में काफी मद्दगार साबित होती है। वृक्षों के इसी महत्व को बताने के लिए लोगों को जागरूक किया गया, जिससे वह पौधरोपण को बढ़ावा दें। इस साल 26 अगस्त मंगलवार को हरियाली तीज पर्व है। इस दिन महिलाओं ने हरियाली तीज का निर्जला व्रत रखते है। पति की लंबी आयु और खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए रखते हैं।

## पर्व : महिलाओं ने धूमधाम से मनाया छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार तीजा

# महिलाओं ने फुगड़ी, कुर्सी दौड़, बिंदी लगाओ प्रतियोगिता में दिखाया जौहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



रजत जयंती वर्ष पर महासमुंद संजय नगर सेक्टर 02 के दलदली रोड स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में सोमवार को छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार तीजा धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में शामिल होने बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं। परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षकों ने माताओं-बहनों का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें उपहार स्वरूप साड़ी, श्रृंगार सामग्री और छत्तीसगढ़ी कलेवा भेंट किया। इस अवसर पर बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत साइबर सुरक्षा के संबंध में भी नीति फाउंडेशन के द्वारा जागरूक किया गया।

इस मौके पर सभी ने माताओं-बहनों को तीजा पर्व की शुभकामनाएं दीं। महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि तीजा छत्तीसगढ़ में नारी शक्ति के मान, सम्मान और दृढ़ निश्चय का महत्वपूर्ण पर्व है। निर्जला व्रत रखकर अपने पति-परिवार की सुरक्षा और समृद्धि की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जिले में महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनके कामकाज के लिए स्थान उपलब्ध कराने 9 महतारी सदन की सौगात दी गई है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तीजा के आते ही माताओं-बहनों के मन में प्रसन्नता छा जाती है। भाई के तीजा लिवाने आने की प्रतीक्षा रहती है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार छत्तीसगढ़ महतारी के मान, सम्मान व गौरव को बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रदेश की 70 लाख से अधिक माताओं-बहनों को प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि मिल रही है। इस अवसर पर पार्षद पीयूष साहू, सीता डोंडेकर, चंद्रशेखर बेलदार एवं जितेंद्र ध्रुव, परियोजना अधिकारी शैल नाविक, सुपरवाइजर शीला प्रधान, कुंती यादव सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं एवं समुदाय की महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

यहां लगे स्टॉल में छत्तीसगढ़ी कलेवा का अवलोकन किया गया। साथ ही फुगड़ी, कुर्सी दौड़, बिंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को पुरस्कार प्रदाय कर सम्मानित किया गया। महिला सम्मेलन व तीजा-पोरा तिहार की शुरुआत नंदी की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद मंचीय कार्यक्रमों में महिलाओं से की सहभागिता ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया।

## भाजपा राज में कर्मचारी, आम नागरिक खुशहालः भाऊराम



**महासमुंद।** केंद्र के सामान अब राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों को महंगाई भत्ता देने के निर्णय का भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष व पार्षद भाऊराम साहू ने स्वागत करते हुए इस फैसले को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की साय सरकार सभी वर्ग के हित में निर्णय ले रही है। सरकार ने कर्मचारी हित के अलावा आम जन के हित में भी योजनाएं बनाई है। जिसमें से एक गौधाम योजना भी शामिल है। ग्रामीण क्षेत्र के पालतू पशुओं और घुमंतू पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए ही यह योजना शुरू की जा रही है। जिसमें प्रत्येक गौधाम में क्षमता के अनुसार अधिकतम 200 गौवंशीय पशु रखे जा सकेंगे। गौधाम योजना के तहत चरवाहों को 10,916 रुपए प्रतिमाह और गौसेवकों को 13,126 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। जिससे चरवाहों व गौ सेवकों को भी सम्मान पूर्वक गौ सेवा का प्रतिफल मिलेगा। यही नहीं प्रदेश की महिलाओं को परिवार में सशक्त भूमिका के लिए महतारी वंदन योजना के माध्यम से आर्थिक सहयोग के साथ ही अब महतारी सदन का निर्माण गांवों में कराया जा रहा है। महतारी सदन महिलाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा। जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बनेगी। साहू ने कहा कि महतारी सदन, छत्तीसगढ़ में महिलाओं के लिए रोजगार, आत्मनिर्भरता और सामूहिक विकास को बढ़ावा देने वाला एक केंद्र बनेगा। जिसका लाभ महिलाओं को रोजगार के अवसर, आर्थिक आत्मनिर्भरता, स्वास्थ्य और पोषण में सुधार, और सामाजिक रूप से सशक्त महसूस करने के रूप में मिलेगा। जिससे महिलाओं का परिवार और समाज में निर्णायक भूमिका मजबूत होगी।

## दादी प्रकाशमणि की पुण्यस्मृति दिवस मनाया

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वी पुण्य स्मृति दिवस सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में मनाया गया। ब्रम्हा कुमारी भाई बहनों ने दादी को श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि अर्पित करने सेवाकेंद्र पहुंचे। आज के दिन दादी के नाम शिव पिता को भोग स्वीकार कराया गया। इस ईश्वरीय विश्वविद्यालय की दूसरी मुख्य प्रशासिका रही। दादी ने 1969 से 2007 तक ईश्वरीय सेवाओं की बागडोर संभाली। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने कहा कि उनका स्वभाव बहुत ही मधुर सहनशील और सहयोगी था। एक कुमारी होते हुए भी उनमें मातृत्व की भवना कूट-कूट कर भरा था, वह दृढ़ता से कहती थी कि हम सभी मनुष्य एक पिता के संतान है कोई पराया नहीं। उन्होंने विश्व के पांचों महाद्वीप में जा कर निराकार पिता परमात्मा के दिव्य अवतरण का संदेश दिया।

## विहान का चयन



**महासमुंद।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) द्वारा अंडर 14 राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता-2025 दिल्ली में आयोजित होने जा रहा है जिसमें ईस्ट जोन के 4 राज्य बंगाल, ओडिशा, असम, छत्तीसगढ़ शामिल है। जिसका प्रतिनिधित्व विहान लूनिया करेंगे। विहान का चयन ईस्ट ज़ोन के लिए हुआ है। प्रतियोगिता 15 से 20 सितंबर तक दिल्ली में आयोजित होगी। 10 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपने तकनीक, कौशल एवं प्रदर्शन के आधार पर ईस्ट ज़ोन की 18 सदस्यीय टीम में जगह बनाई। टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के लिए भी यह बड़े ही गर्व की बात है कि एकेडमी के खिलाड़ी विहान का चयन इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। इस उपलब्धि पर टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के हेड कोच एवं डायरेक्टर एनआईएस क्रिकेट कोच डॉ. शबाब कुरैशी एवं टर्मिनेटर महासमुंद के कोच जमशेद अख्तर, इशाक खान ने भी हर्ष जताया है।

## 51 घरों में गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ का आयोजन




**खल्लारी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के दिव्य संरक्षण, गायत्री शक्तिपीठ बागबाहरा के तत्वावधान में सरायपाली ईकाई के ग्राम लमकेनी में 24 अगस्त को गायत्री परिवार विकास खंड बागबाहरा के युग पुरोहितों द्वारा 51 घरों मंध गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ किया गया। लमकेनी के गायत्री परिवार, ग्रामवासी, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों भागीरथ प्रयास सफल रहा। कार्यक्रम में विकास खंड बागबाहरा के दूरस्थ अंचलों से युग पुरोहितों का प्रवास सफल रूपों में वंदनीय रहा। उक्त दिवस सम्पूर्ण लमकेनी का वातावरण, आनंदमय खुशनुमा एवं भक्तिमय था। कार्यक्रम का शुरुआत गुरुदेव माता के पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ किया गया। पश्चात हवन यज्ञ के लिए युगपुरोहितो को रोली गुलाल से स्वागत कर वरिष्ठों द्वारा प्रस्थान कराया गया। यज्ञ का मुख्य उद्देश्य परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा, अखंड ज्योति जन्म शताब्दी 2026 के लक्ष्यों के पूर्णता के लिए जगह जगह कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता, युग गायक गजानंद सिंह ठाकुर, ब्लॉक समन्वयक अक्षय कुमार साहू. जनक राम साहू, तुकाराम साहू, नारायण पटेल, भोज राम पटेल, ओम कुमार दीवान, शंकर लाल कौशिक, मदन पटेल, गौतम, सीता राम पटेल, सुखन साहू, नंद कुमार नेगी, सुदामा, चतुर राय, सुभाषिनी, रिंपा मुक्ता आदि मौजूद रहे।

## जीवन में संघर्ष और चुनौतियों का सामना करना सिखाता है शतरंजः गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

जिला शतरंज संघ महासमुंद व नाइट चेस क्लब पिथौरा के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन साप्ताहिक शतरंज प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ड्रीम स्पार्क के ब्रांड एंबेसडर श्याम कुमार गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर प्रधान ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश साहू व गौरी गुप्ता ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

मुख्य अतिथि श्याम कुमार गुप्ता ने प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज हमें जीवन में संघर्ष और चुनौतियां का सामना करना सिखाता है। इसे हर उम्र के व्यक्तियों को खेलता चाहिए। उन्होंने ड्रीस स्पार्क के माध्यम से भी शतरंज खेल को इंस्टीट्यूट के उद्देश्यों में शामिल कर शतरंज खेल को बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुधीर प्रधान ने कहा कि शतरंज का खेल हमें परिपक्व बनाता है। शतरंज का खिलाड़ी जीवन में आने वाली हर विषम परिस्थियों का सामना बेहतर ढंग से कर सकता हैं। प्रधान ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव व राष्ट्रीय कोच हेमंत खुटे का शतरंज खेल के प्रति सक्रियता अत्यंत सराहनीय है।



विगत 25 वर्षों से स्कूल शिक्षा विभाग को इनका सहयोग कोच, निर्णायक व मैनेजर के रूप में निरंतर मिलता रहा है। हम पिथौरा में लगातार दूसरी बार शालेय स्तरीय संभाग शतरंज स्पर्धा का आयोजन करने जा रहे हैं। इससे पहले शालेय स्तरीय राज्य शतरंज स्पर्धा का आयोजन भी हम कुशलतापूर्वक कर चुके है जिसका संपूर्ण श्रेय हेमंत खुटे को जाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक हेमन्त खुटे ने कहा कि नाइट चेस क्लब शतरंज खिलाड़ियों के लिए कि पूर्णरुपेण निःशुल्क है। क्लब का एकमात्र उद्देश्य ग्रामीण अंचल में शतरंज खेल को बढ़ावा देना है। समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण का आयोजन आगे भी होता रहेगा। अभी हाल ही में हमने जोन लेवल पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए भी 10 दिनों का ऑनलाइन निशुल्क शतरंज प्रशिक्षण का आयोजन किया था। प्रशिक्षण के दौरान फीडे आर्बिटर रॉकी देवांगन ने शतरंज की बुनियादी जानकारी दी। जिसमें शतरंज बोर्ड जमाना, मोहरों की पहचान, मोहरे के निर्धारित मूल्य, मोहरों की पीटने की शक्ति, किलेबंदी एवं शतरंज की पहेलियों का अभ्यास शामिल है। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश कर ने किया। इस अवसर पर स्पोर्ट्स टीचर राजेश्वरी धुवंशी, तृषा शर्मा सहित 30 खिलाड़ियों ने सहभागिता की।

## फाइनल टच



**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग में भगवान गणेश की छोटी-बड़ी प्रतिमा को मूर्तिकार कुंदन प्रजापति द्वारा अंतिम रूप दे रहे है, जिसमें उनके रंग-रोगन करते हुए।

## गणेश चतुर्थी को लेकर तैयारी हुई तेज, पंडाल निर्माण कार्य में जुटे बाल गणेश उत्सव समिति के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गणेश चतुर्थी पर्व की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। शहरी क्षेत्र में पूजा पंडालों को भव्य बनाने के लिए इनका निर्माण तेज कर दिया गया है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। पूजा-पंडालों में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को मुश्किल न हो, इसके लिए संबंधित पूजा समिति के सदस्यों द्वारा तैयारी तेज कर दी गई है। उधर, मूर्तियों को अंतिम रूप देने के लिए कारीगरों के हाथ तेजी से चलने लगे हैं। भगवान गणेश के जन्म के रूप में मनाए जाने वाले गणेश चतुर्थी पर्व की तैयारियां अब अंतिम चरणों में पहुंच गई हैं। जिले के क्षेत्रों में 27





अगस्त को पूजा पंडालों में भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित कर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पट खोल दिए जाएंगे। ग्राम बम्हनी में बाल गणेश उत्सव समिति के सदस्य इंद्रकुमार साहू, कौशिक साहू, देवेन्द्र साहू, परमेश्वर साहू, राकेश साहू, राजू विश्वकर्मा, भुनेश्वर साहू, हेमलाल साहू ने कहा कि पूजा पंडाल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। गणेश स्थापना के एक दिन पहले इसे पूर्ण कर लिया जाएगा। नगर के नजदीक ग्राम बम्हनी में 27 अगस्त को प्रतिमा की स्थापना कर पंडाल के पट खोल दिए जाएंगे।

### दिव्यांगजनों की बैठक ग्राम पाली में हुई

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत पाली में सक्षम सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत के मार्गदर्शन में जिला सक्षम संयोजक राजेश कुमार नायक द्वारा दिव्यांगों और मातृशक्ति के साथ बैठक हुई। जिसमें सक्षम संगठन का परिचय, दिव्यांग व महिला आयाम के लिए कार्य की जानकारी दी गई। बैठक में सरपंच भुवनेश्वर लोधी, मन्नू विश्वकर्मा, तोषण यादव, विजय ध्रुव, ठाकुरराम दीवान, विजय भरद्वाज, धनीराम साहू, प्रहलाद दीवान, पूर्णिमा दीवान, झरना मिर्धा उपस्थित रहे। इस बैठक में दिव्यांग मन्नू विश्वकर्मा (पाली) को महासमुंद ब्लॉक और केयूर भूषण (कोमाखान) को बागबाहरा ब्लॉक का संयोजक नियुक्त किया गया। इस बैठक में 8 दिव्यांग और 3 महिला, 4 सामान्यजन उपस्थित रहे।

## अघरिया समाज ने मनाया कृष्ण जन्माष्टमी पर्व, भजन संध्या का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल भारतीय अघरिया समाज परिक्षेत्रनगर इकाई महासमुंद द्वारा अघरिया समाज के ईष्ट देव योगेश्वर, राधारमण, दामोदर कृष्ण भगवान के जन्मोत्सव पर्व कृष्ण जन्माष्टमी समाज के सामाजिक भवन अघरिया सदन मचेवा में सनातनी पूजा परंपरा एवं विधि विधान तथा हर्षोल्लास से मनाया गया। पूजा एवं आनंदोत्सव में शाम 4 बजे से समाज के लोग एकत्र हुए। सर्वप्रथम लड्डू गोपाल कृष्ण की पूजा अर्चना की गई।

तत्पश्चात महाआरती में सामाजिकजन सम्मिलित हुए। महाआरती के बाद कृष्ण भजनावली भजन संध्या का आयोजन रखा गया। जिसमें काव्यांश साहित्य एवम कला पथक संस्थान मुख्यालय महासमुंद के संगीतज्ञ बीआर साहू के निर्देशन में लोक कलाकरों की प्रस्तुति रही। भजन संध्या में लोक कलाकार सुरेंद्र मानिकपुरी के भक्तिमयी भजन सुन कर श्रोताजन भाव विभोर हो गए। साथ ही भजन गायिका दिनेश्वरी नंद व रिया गोलछा के कंठप्रिय भजनों ने श्रोताओं को भक्ति रस में डुबोये रखा। भजन संध्या के पश्चात व्रत उपवास रखे सामाजिकजनों के लिए भोग प्रसाद वितरण किया गया। अंत में समस्त सामाजिकजनों व श्रद्धालुओं के लिए भी भोग प्रसाद खिचड़ी पुलाव की व्यवस्था रखा गया था। इस कार्यक्रम में काव्यांश संस्थान के प्रांताध्यक्ष भागवत जगत भूमिल, संरक्षक उमेश भारती गोस्वामी, संरक्षक धनंजय नेताम (संयुक्त कलेक्टर), कोषाध्यक्ष डी बसंत साव तथा भगोली राम साहू तथा किशन देवदास अपने संगीत टीम सहित उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र महासमुंद के पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक होरीलाल पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमसागर पटेल, केंद्रीय प्रतिनिधि जयराम पटेल, शंकर पटेल बंदोरा तथा परिक्षेत्र नगर महासमुंद के खगेश्वर पटेल, अरुण पटेल, नारायण चौधरी, फगुलाल पटेल, वृंदावन पटेल, मीना नायक, गौकरण पटेल, लखन पटेल, गेंदलाल नायक, चंद्रहास कश्यप, सुरेंद्र चौधरी, पीतांबर पटेल, दिलीप चौधरी, नीलेश पटेल, ऋषि पटेल, विष्णु पटेल, निर्मला पटेल, जशोमती पटेल, यमुना चौधरी, नवीन कश्यप, कमला पटेल, धनकुंवर पटेल, कुंती पटेल, दामिनी पटेल, सुनीता पटेल, उमा चौधरी, खेमलता चौधरी, गीता पटेल, राधिका पटेल सहित क्षेत्र एवं नगर परिक्षेत्र के समस्त सजातीय बंधुओं का विशिष्ट योगदान रहा।

